# बिहार अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन

(वेबसाइट– https://biharecce.in )

**बिहार अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन के ब्लॉक स्तरीय बाल वाटिका केन्द्र में सहायक शिक्षक/शिक्षिकाओं के रिक्त पदों पर अनुबंध के आधार पर चयन हेतु विज्ञापन।**

**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 25.01.2025**

**ऑनलाइन आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि : 20.02.2025**

**प्रवेश पत्र(Admit Card) जारी होने की संभावित तिथि : अप्रैल 2025**

**ऑनलाइन परीक्षा प्रारंभ होने की संभावित अवधि : मई 2025 से जुलाई 2025**

## विज्ञापन संख्या–03/2024

1. बिहार अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन में सहायक शिक्षक/शिक्षिकाओं के रिक्त पदों की संख्या निम्नवत है।

| SL No | Post | Salary | No of Seat |
|---|---|---|---|
| 1 | Assistant Teacher | 12,200-35,700 | 1195 |

**कोटिवार रिक्तियों की संख्या**

| अनारक्षित | पिछड़ा वर्ग | अ0 पिछड़ा वर्ग | अनु0 जाति | अनु0 जनजाति | आर्थिक रुप से कमजोर |
|---|---|---|---|---|---|
| 534 | 213 | 267 | 54 | 21 | 106 |

2. उक्त पदों पर चयन के लिए **बिहार अर्ली चाइल्डहुड केयर एण्ड एजुकेशन** द्वारा योग्य अभ्यर्थियों से 2 वर्षीय अनुबंध हेतु ऑनलाइन (Online) आवेदन–पत्र प्राप्त किया जायेगा, 2 वर्ष के अनुबंध समाप्ति के उपरांत अभ्यर्थी के कार्यकाल की समीक्षा की जाएगी तथा समीक्षा के आधार पर अभ्यर्थी का कार्यकाल विस्तार अथवा नियमितीकरण किया जाएगा, कार्यकाल संतोषजनक नहीं होने की स्थिति में सेवामुक्त कर दिया जाएगा। एक अभ्यर्थी द्वारा मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरा जा सकता है।

3. **आवेदन के लिए पात्रताः–**

   - भारतीय नागरिक (Indian) होना अनिवार्य है। पुरूष एवं महिला आवेदन कर सकते हैं।
   - **अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यताः–**दिनांक–02.01.2025 तक न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमीडिएट (10+2) परीक्षा या समकक्ष परीक्षा उतीर्ण होना अनिवार्य होगा।
     **इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी को नर्सरी टिचर ट्रेनिंग में सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्षिय डिप्लोमा प्रमाण–पत्र धारक होना या वर्तमान सत्र 2023–25 के द्वितिय वर्ष का छात्र/छात्रा होना अनिवार्य होगा।**
   - **उम्र सीमा की गणनाः–** उम्र सीमा की गणना दिनांक–02.01.2025 के आधार पर की जायेगी।

- अनारक्षित (सामान्य) कोटि के पुरूषों एवं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 35 वर्ष।
- पिछड़ा वर्ग कोटि एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के पुरूषों के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 37 वर्ष।
- पिछड़ा वर्ग कोटि एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि के महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष।
- अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के पुरूषों एव ं महिलाओं के लिए न्यूनतम उम्र 18 वर्ष और अधिकतम उम्र 40 वर्ष।

4. **चयन की प्रक्रियाः**–चयन प्रक्रिया में ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा एवं पात्रता की जॉच सम्मिलित होगी।

- आवेदन–पत्रों के संग्रहण के उपरान्त आवेदन–पत्रों की संवीक्षा की जायेगी एवं जिन अभ्यर्थियों के आवेदन–पत्र सही पाये जायेंगे उनके लिए ऑनलाइन प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन निम्न प्रकार किया जायेगा जीसमे प्रत्येक सही उतर के लिए 4 अंक प्रदान किया जाएगा तथा प्रत्येक गलत उतर के लिए 1 अंक काटा जाएगा।

| **विषय** | **कुल प्रश्नों की संख्या** | **कुल अंको का मान** |
|---|---|---|
| सामान्य हिन्दी | 20 | 80 |
| बाल मनोविज्ञान | 60 | 240 |
| सामान्य विज्ञान | 20 | 80 |
| **कुल** | **100** | **400** |

लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर कोटिवार मेधा सुची का निर्धारण किया जाएगा। तथा अभ्यर्थियों की प्रमाण पत्र जाँच के उपरांत अंतिम रुप से अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

लिखित परीक्षा में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों के समान अंक प्राप्त करने की दषा में मेधा सूची का निर्धारण **नर्सरी टिचर ट्रेनिंग डिप्लोमा** में प्राप्त अंको के आधार पर किया जाएगा।

5. **आवेदन शुल्कः**– अत्यन्त पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, एवं अनारक्षित वर्ग के महिला/पुरूष के लिए ऑनलाइन आवेदन–शुल्क 1000/– (एक हजार) रूपये **तथा** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के महिला/पुरूष के लिए ऑनलाइन आवेदन–शुल्क 700/– (सात सौ) रूपये है।
6. **ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिए आवश्यक निर्देश :–**

- ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के लिए अभ्यर्थी वेबसाइट https://biharecce.in के Login or Register button पर जाकर क्लिक करके आवेदन कर सकते है।
- अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन–पत्र भरने के पूर्व सभी दिषा निर्देषों का भली–भॉति अध्ययन कर लें तथा आवेदन–पत्र भरने के क्रम में सभी सूचनाऍ सही–सही अंकित करें। यदि कोई सूचना झूठी या गलत पायी जायेगी तो आवेदन–पत्र को रद्द करते हुए अभ्यर्थियों का भविष्य में होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा से भी वंचित कर दिया जाएगा।
- पंजीकरण और भुगतान करने से पहले एक वैध एवं सक्रिय मोबाइल नम्बर और ई–मेल आई0डी0 रखें जो यथासम्भव आपके नाम से पंजीकृत हो, उसका प्रयोग कर अभ्यर्थी अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण करने के लिए मोबाइल नम्बर तथा ई–मेल आई0डी0 अनिवार्य है। यदि आपकी अपनी ई–मेल आई0डी0 नहीं है तो अपनी ई–मेल आई0डी0 अवष्य बना लें क्योंकि ऑनलाइन आवेदन–पत्र भरने के क्रम में एवं चयन प्रक्रिया के दौरान आवष्यक्तानुसार महत्वपूर्ण सूचनाऍ आपके ई–मेल आई0डी0 एवं आपके मोबाइल फोन पर साझा की जाऍगी।
- सफलतापूर्वक पंजीकरण करने के पश्चात उपलब्ध कराये गये **युजर नेम एवं पासवर्ड** से लॉगइन (Login) करने के बाद ऑनलाइन आवेदन–पत्र के द्वितीय भाग में वांछित सूचनाऍ यथा– पिता/पति

का नाम, माता का नाम, पता एवं शैक्षणिक योग्यता आदि की सही जानकारी देते हुए घोषणा पर सहमति देनी होगी। इसके बाद आवेदक का फोटोग्राफ, रंगीन जो दो माह से पुराना न हों 25 से 100 के0बी0 के बीच का, .jpg/.jpeg फॉरमेट में एवं हस्ताक्षर अंग्रेजी अथवा हिन्दी में (काली एवं नीली स्याही) 25 से 100 के0बी0 के बीच का, जो सफेद बैक ग्राउन्ड पर हो, ऐसे फोटो एवं हस्ताक्षरों को स्कैन कर तथा आवश्यक दस्तावेज .jpg/.jpeg फॉरमेट अपलोड करना अनिवार्य है ।

- वैध आवेदन वाले अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा से संबंधित प्रवेश–पत्र ऑनलाइन निर्गत किया जायेगा। इस सम्बन्ध में सूचना समाचार–पत्रों के माध्यम से एवं वेबसाइट पर यथा समय दी जायेगी। कई आवष्यक सूचनाएँ आपको SMS/e-mail के माध्यम से दी जा सकती है। अतः अपना पंजीकृत मोबाइल फोन/ई–मेल आई0डी0 सक्रिय रखें।

7. **उम्मीदवारी रद्दीकरणः–** आवेदक की उम्मीदवारी किसी भी समय निम्नलिखित आधार पर बिना कारण बताये रद्द की जा सकती हैः

- आवेदन पत्र का प्रथम भाग (पंजीकरण) भरा जाना, परन्तु द्वितीय भाग को भर कर Submit न करना।
- आवेदक द्वारा फोटो अथवा हस्ताक्षर upload न किया जाना या किसी अन्य व्यक्ति या अन्य का फोटो एवं हस्ताक्षर का upload किया जाना।
- आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान न किया जाना
- आवेदन में दी गई सूचनाओं का दस्तावेज सत्यापन में गलत पाया जाना।
- आवेदन में जन्म–तिथि गलत अंकित करना।
- आवेदन में गलत लिंग (Gender) अंकित करना।
- आवेदक का उम्मीदवारी की पात्रता पूर्ण न करना, जैसे– विनिर्दिष्ट तिथि को निर्धारित उम्र सीमा से बाहर का होना, कट–ऑफ तिथि तक शैक्षणिक योग्यता धारण न करना तथा भारत का नागरिक न होना आदि।
- सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत एवं वैद्य प्रमाण–पत्र का प्रस्तुत न किया जाना।
- आवेदक का किसी आपराधिक काण्ड/गतिविधि में सम्मिलित पाया जाना।
- आवेदक द्वारा लिखित परीक्षा अथवा अन्य पात्रता परीक्षा के क्रम में धोखाधड़ी करना अथवा प्रयास करना। इसमें पररूपधारण, कदाचार आदि कृत्य शामिल हैं।
- आवेदक द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न कर्मियों को किसी भी प्रकार का प्रलोभन या धमकी देना अथवा देने का प्रयास करना।
- अन्य कोई परिस्थिति जो विज्ञापन की शर्त्तों के विरूद्ध हो अथवा सामान्य रूप से भी प्रतियोगिता परीक्षा के कदाचार मुक्त संचालन के विरूद्ध पाई जाए।

(BECCE keep all the rights reserved to increase or decrease no of post without any prior notice according to availability of vacant seat.)